नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले का कार्यक्रम

## 2 नवंबर को दलित पैंथर आंदोलन पर देंगे व्याख्यान

### डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र का आयोजन



वर्धा, 31 अक्टूबर 2018: केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री माननीय रामदास अठावले शुक्रवार, 2 नवंबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में आ रहे हैं। वे दलित पैंथर आंदोलन पर विशेष व्याख्यान देंगे। यह आयोजन विश्वविद्यालय में स्थापित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र की ओर से प्रातः 11 बजे गालिब सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। समारोह में कार्यक्रम के संयोजक तथा केंद्र के निदेशक प्रो. लेल्ला कारुण्यकरा एवं कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। समारोह में राज्य मंत्री श्री अठावले को कुलपति प्रो. मिश्र द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अठावले जी का आगमन सुबह 10.40 को होगा। नागार्जुन अतिथि गृह में जलपान के बाद वे 11 बजे गालिब सभागार में आयोजित समारोह में व्याख्यान देंगे। उनके साथ श्री मनीष गवई भी रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र की ओर से दलित पैंथर आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मान पत्र से विभूषित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं में वर्धा के आर. एम. पाटिल, डॉ. रविदत्त कांबले, नरेश ओंकार तथा विजय आगलावे एवं नागपुर के एड. सुरेश चंद्र घाटे शामिल हैं।



आयोजन को लेकर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. लेल्ला कारुण्यकरा ने बताया कि केंद्र के विशेष निमंत्रण पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री माननीय रामदास अठावले जी पहली बार विश्वविद्यालय में आ रहे हैं। उनके आगमन के निमित्त उनके स्वागत की पूरी तैयारी विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र अपनी अकादमिक एवं सामाजिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां देश भर के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। विद्यार्थियों में दलित एवं आदिवासी विकास के मुद्दों की समझ पैदा करने के लिए एम. ए. से लेकर पीएच.डी. तक के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। भारतीय दलित एवं अमेरिकन अश्वेत समुदायों के साथ अन्य देशों के वंचित समूहों का

तुलनात्मक अध्ययन करना और भारतीय आदिवासी समाज तथा अन्य देशों के आदिवासी समाज के साझे मुद्दों के प्रति समझ पैदा करना केंद्र का महत्वपूर्ण अंग है। प्रो. कारुण्यकरा का कहना है कि दलित एवं आदिवासी अध्ययन के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न देशों की सरकारों और उन देशों में निवास कर रहे दूसरे समुदायों के बीच संवेदनशीलता पैदा करना केंद्र का अहम लक्ष्य है। केंद्र की ओर से समय-समय पर सामाजिक परिवर्तन से संबंधित कार्यक्रम एवं उपक्रम चलाए जाते हैं।

समारोह में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयात केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का कार्यक्रम

## शुक्रवारी दलित पँथर चळवळीवर व्याख्यानाचे आयोजन

### डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजाती अध्ययन केंद्राचे आयोजन

वर्धा, 31 ऑक्टोबर 2018: केंद्रीय सामाजिक न्याय आणि अधिकारिता राज्य मंत्री माननीय रामदास आठवले शुक्रवार, 2 नोव्हेंबर रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात येत आहेत. ते दलित पँथर चळवळीवर विशेष व्याख्यान देतील. कार्यक्रमाचे आयोजन विश्वविद्यालयात स्थापित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजाती अध्ययन केंद्राच्या वतीने सकाळी 11 वा. गालिब सभागृहात करण्यात आले आहे. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. यावेळी संयोजक तथा केंद्राचे निदेशक प्रो. लेल्ला कारुण्यकरा व कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह प्रामुख्याने उपस्थित राहतील. कार्यक्रमात राज्य मंत्री श्री आठवले यांना कुलगुरु प्रो. मिश्र यांच्या हस्ते सन्मान पत्र प्रदान करुन गौरविण्यात येईल.

विश्वविद्यालयात केंद्रीय श्री आठवले यांचे आगमन सकाळी 10.40 वा. होईल. नागार्जुन अतिथी गृहात जलपान घेतल्यानंतर ते 11 वा. गालिब सभागृहात आयोजित कार्यक्रमात व्याख्यान देतील. त्यांच्यासोबत श्री मनीष गवई सुद्धा राहतील. यावेळी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजाती अध्ययन केंद्राच्या वतीने दलित पँथर आंदोलनात महत्वपूर्ण योगदान देणा-या वर्धेतील आर. एम. पाटिल, डॉ. रविदत्त कांबळे, नरेश ओंकार आणि विजय आगलावे व नागपूर येथील ॲडव्होकेट सुरेश चंद्र घाटे या सामाजिक कार्यकत्यांना विभूषित करण्यात येईल.

आयोजनाविषयी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजाती अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रो. लेल्ला कारुण्यकरा म्हणाले की केंद्राच्या विशेष निमंत्रणावरुन केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालयाचे राज्य मंत्री माननीय रामदास आठवले हे प्रथमच विश्वविद्यालयात येत आहेत. त्यांच्या आगमनानिमित्त त्यांच्या स्वागताची पूर्ण तयारी विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आली आहे. ते म्हणाले, विश्वविद्यालयात डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजाती अध्ययन केंद्र शैक्षणिक व सामाजिक चळवळीचे एक महत्वाचे केंद्र असून येथे देशभरातील विद्यार्थी शिकण्यासाठी येतात. दलित-आदिवासी विकासाच्या विषयी सकारात्मक दृष्टिकोण निर्माण करण्यासाठी एम. ए. पासून पीएच.डी. पर्यंतचे अभ्यासक्रम केंद्राच्या वतीने संचालित केले जातात. प्रो. कारुण्यकरा यांच्या मते दलित व आदिवासी अध्ययनाच्या माध्यमातून समाजाच्या सशक्तिकरणाकरिता विविध देश आणि तेथील इतर समुदायांमध्ये संवेदनशीलता निर्माण करणे केंद्राचे महत्वाचे लक्ष्य आहे. केंद्राच्या वतीने सामाजिक परिवर्तनाशी निगडीत कार्यक्रम व उपक्रमांचे आयोजन वेळोवेळी करण्यात येते असेही ते म्हणाले. कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.

---

*मा. संपादक/संवाददाता*

*महोदय, कृपया संलग्न समाचार प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।*
*धन्यवाद।*